an>

Title: Need to include Janjgir-Champa district of Chhattisgarh in National Horticulture Mission.

श्रीमती कमला पाटले (जांजगीर-चाम्पा) ः मेरे निर्वाचन क्षेत्र के जिला जांजगीर-चांपा में 80 प्रतिशत कृषि सिंचित क्षेत्र है। धान यहां की प्रमुख फसल है। फसल लेने के बाद किसान खाली हो जाते हैं। मजदूर अन्य प्रदेशों को पलायन कर जाते हैं। किसानों के पास आमदनी का कोई ज़रिया नहीं होने से आर्थिक स्थिति दयनीय हो जाती है।

देश के विभिन्न ज़िलों में राष्ट्रीय बागवानी मिशन लागू है। मैं सरकार से मांग करती हूँ कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन में छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिला को शामिल किया जाये। क्योंकि यहां फलों, सब्जियों, जड़, कंद फसलों मशरूम, मसाला, फूलों, सुगंधित पादपों को लिए जलवायु और जमीन बहुत ही उपयुक्त है। जिससे कि महानदी, सोन, हंसदो, मांड, आदि नदी के किनारे बसे पटेल, मरार, सबरिया समाज के जीविकोपार्जन का मुख्य साधन ही बाड़ी लगाकर साग-सब्जी उगाना है।

जांजगीर-चांपा जिले के राष्ट्रीय बागवानी मिशन में शामिल हो जाने पर बेरोज़गारों को रोज़गार के अवसर प्राप्त होंगे। किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। साथ ही, पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहायता मिलेगी।